सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

नई दिल्ली
फाल्गुन 25, शक संवत् 1945
15 मार्च, 2024

मेरे प्रिय परिवारजन,

आपका और हमारा साथ अब एक दशक पूरा करने जा रहा है। मेरे 140 करोड़ परिवारजनों के साथ विश्वास, सहयोग और समर्थन से जुड़ा यह मजबूत रिश्ता मेरे लिए कितना विशेष है, इसे शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है।

मेरे परिवारजनों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव ही बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि, सबसे बड़ी पूंजी है। अपनी हर नीति, हर निर्णय के जरिए गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्पित सरकार ने जो ईमानदार प्रयास किए हैं, उनके सार्थक परिणाम हमारे सामने हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए पक्के मकान, सभी के लिए बिजली, पानी, गैस की समुचित व्यवस्था, आयुष्मान भारत योजना के जरिए इलाज की व्यवस्था, किसान भाई-बहनों को आर्थिक मदद, मातृ वंदना योजना के जरिए माताओं-बहनों को सहायता जैसे अनेक प्रयास सिर्फ और सिर्फ इसलिए फलीभूत हो पाए हैं, क्योंकि आपका भरोसा, आपका विश्वास मेरे साथ था।

विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ते भारत ने बीते एक दशक में जहां बुनियादी ढांचों का अभूतपूर्व निर्माण देखा, तो वहीं हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय धरोहरों के पुनरुत्थान का साक्षी बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ। अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपरा को सहेजकर आगे बढ़ते देश पर आज हर देशवासी को गर्व है।

यह आपका विश्वास और समर्थन ही था कि जीएसटी लागू करना, धारा 370 समाप्त करना, तीन तलाक पर नया कानून, संसद में महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, नये संसद भवन का निर्माण, आतंकवाद और नक्सलवाद पर कठोर प्रहार जैसे अनेक ऐतिहासिक और बड़े फैसले लेने से हम चूके नहीं।

लोकतंत्र की खूबसूरती जनभागीदारी और जनसहयोग में है। देशहित के लिए बड़े फैसले लेने, बड़ी योजनाएं बनाने और उन्हें सुचारू रूप से लागू कर पाने की शक्ति और ऊर्जा मुझे आपके विश्वास और सहयोग से ही प्राप्त होती रही है। विकसित भारत के निर्माण के जिस संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है, उसकी पूर्ति में मुझे आपके विचारों, सुझावों, साथ और सहयोग की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि आपका आशीर्वाद और समर्थन हमें निरंतर मिलता रहेगा। राष्ट्रनिर्माण के लिए हमारे प्रयास बिना थके, बिना रुके अनवरत जारी रहेंगे, यह मोदी की गारंटी है।

आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ।

आपका,

नरेन्द्र मोदी

(नरेन्द्र मोदी)

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

New Delhi

फाल्गुन 25, शक संवत् 1945

15th March, 2024

My dear family member,

Our partnership is at the threshold of completing a decade. The trust and support of 140 crore Indians inspires and motivates me.

The transformation that has taken place in the lives of the people is the biggest achievement of our government over the last 10 years. These transformative outcomes are the result of the sincere efforts made by a determined government to improve the quality of life for the poor, farmers, youth and women.

The success of efforts such as *pucca* houses through Pradhan Mantri Awas Yojana, access to electricity, water and LPG for all, free medical treatments through Ayushman Bharat, financial help to farmers, assistance to women through Matru Vandana Yojana and many more has been possible only due to the trust that you have placed in me.

Our nation is moving forward taking both tradition and modernity hand in hand. While the last decade witnessed unprecedented construction of next generation infrastructure, there has also been a rejuvenation of our rich national and cultural heritage. Today, every citizen is proud that the nation is marching ahead while also celebrating its rich culture.

It is a measure of your trust and support that we could take several historic and major decisions like implementation of GST, abrogation of Article 370, new law on Triple Talaq, Nari Shakti Vandan Act to enhance women's participation in the Parliament, the inauguration of a new Parliament building and strong steps against terrorism and Left-Wing Extremism.

The beauty of democracy lies in *Janbhagidari* or public participation. It is your support that gives me the immense strength to take bold decisions for the nation's welfare, draw up aspirational plans and implement them smoothly. I need and indeed, look forward to your ideas, suggestions and support as we work to fulfil the resolve of building a *Viksit Bharat*. I am confident that we will continue to take our nation to great heights together.

With best wishes for your bright future.

Yours,

(Narendra Modi)